MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Neeraj Dangi: Dr. John Brittas (Kerala), Shri A.A. Rahim (Kerala) and Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala).

Shri Sanjay Singh; not present. Now, Dr. Dinesh Sharma. माननीय दिनेश जी, आप approved text ही पढ़ सकते हैं।

### Demand for direct train services from Lucknow to various other railway stations

**डा. दिनेश शर्मा** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, लखनऊ की जनता की महत्वपूर्ण माँग को उठाने की अनुमति देने के लिए आपका कोटिशः धन्यवाद।

लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राजधानी, अपने सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के नागरिकों की प्रबल इच्छा है कि लखनऊ से श्रीमाता वैष्णो देवी मंदिर (कटरा), श्री खाटू श्याम मंदिर (रिंगस रेलवे स्टेशन, सीकर, राजस्थान), श्री महाकालेश्वर मंदिर (उज्जैन) और शिरडी साई मंदिर (महाराष्ट्र) के लिए सीधी ट्रेन सेवाएँ शुरू की जाएँ। ये स्थल प्रमुख हिन्दू तीर्थ स्थान हैं। लखनऊ से लाखों श्रद्धालु इन स्थलों की यात्रा करते हैं। सीधी ट्रेन सेवाओं के अभाव में यात्रियों को कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती है, जिससे यात्रा कठिन और समयसाध्य हो जाती है। सीधी ट्रेन सेवाएँ यात्रा को सरल और सुविधाजनक बनाएँगी। सीधी ट्रेन सेवाओं से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अधिक श्रद्धालु और पर्यटक लखनऊ से यात्रा करेंगे, जिससे शहर के होटल और पर्यटन उद्योग को आर्थिक लाभ होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। वर्तमान में लखनऊ से इन स्थलों तक पहुँचने के लिए यात्रियों को कई चरणों में यात्रा करनी पड़ती है, जिससे समय और ऊर्जा व्यर्थ होती है। सीधी ट्रेन सेवाओं से समय की बचत होगी और यात्रा आरामदायक हो जाएगी। लखनऊ से इन स्थलों के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करना रेलवे की इस पहल का महत्वपूर्ण कदम होगा।

माननीय उपसभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री जी से माँग करना चाहता हूँ कि लोक महत्व के इस विषय को देखते हुए लखनऊ से इन प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए सीधी ट्रेन चलाई जाए।

### Demand for further improvement of facilities of Bharat Sanchar Nigam (BSNL) in Uttarakhand

**श्री महेंद्र भट्ट** (उत्तराखंड): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तराखंड के अंदर भारतीय संचार निगम द्वारा दी जाने वाली मोबाइल एवं इंटरनेट सुविधाओं में और अधिक सुधार करने की ओर दिलाना चाहता हूं।

महोदय, पहाड़ी राज्य होने के कारण दूर-दराज के गांवों को आज की संचार क्रांति से जोड़ने के उद्देश्य से, राज्य के 6,000 अतिरिक्त गांवों को संचार सुविधा से जोड़ने का निश्चय किया गया था, परंतु मेरी जानकारी के अनुसार अभी तक लगभग 2,000 गांवों को ही इस सुविधा से